भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 776
26 जून, 2019 को उत्तर के लिए

आतंकवाद का सामना

776. श्री बैन्नी बेहनन :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आतंकवाद द्वारा उत्पन्न खतरों का सामना करने के लिए एक विशेष बल प्रभाग गठित किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार अंतरिक्ष और साइबर युद्ध को नियंत्रित करने के लिए दो अलग-अलग इकाइयां गठित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सैन्य उपग्रहों सहित भारत की अंतरिक्ष परिसंपत्तियों की रक्षा का कार्य एक विशेष दल को सौंपा गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख): सरकार ने त्रिसेना संगठन के रूप में सशस्त्र सेना विशेष संक्रिया प्रभाग की स्थापना की है ।

(ग) और (घ): जी, हां । सरकार ने अंतरिक्ष और साइबर युद्ध से निपटने के लिए दो पृथक एजेंसियों को मंजूरी प्रदान की है :

(i) रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी (डीएसए)
(ii) रक्षा साइबर एजेंसी (डीसीए)

****